**<u>जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 23.07.2026 को आयोजित जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–</u>**

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 23–07–2026 को अपरान्ह 12:30 बजे जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2. अन्तर्गत फर्म क्रमशः मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 आगरा एवं मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही –

1. जिलाधिकारी, कासगंज – अध्यक्ष
2. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज – उपाध्यक्ष
3. जिला विकास अधिकारी, कासगंज – सदस्य
4. अपर जिला कृषि अधिकारी, कासगंज – सदस्य
5. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, कासगंज – सदस्य
6. खण्ड शिक्षा अधिकारी, कासगंज
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) – सदस्य सचिव
8. श्री निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
9. श्री अजीत कुमार सिहं, सहायक अभियन्ता, (SWSM) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)
10. श्री विनोद कुमार, डी०पी०एम०, टी०पी०आई० आरवी एसोसियेट, कासगंज।
11. श्री आशीष कुमार, जिला समन्वयक, डी०पी०एम०यू०, कासगंज।
12. श्री आर0के0 जैन, परियोजना प्रबन्धक, मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 कासगंज,।
13. श्री अनिल कैथ, निर्माण प्रबन्धक, मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 कासगंज,।
14. श्री अरविन्द्र कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 प्रवीन इलेक्ट्रिकल्स, मुम्बई।

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर फेजवार एवं कार्यदायी संस्थावार समीक्षा की गयी :–

1. **कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 को 381 नग पेयजल योजनाओं (615 राजस्व ग्राम) आवंटित किया गया है, जिसकी प्रगति निम्नानुसार है :–

| क्र0सं0 | पे0यो0 के घटक | प्रस्तावित कार्य | पूर्ण कार्य | अवशेष कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नलकूप बोरिंग | 382 नग | 382 नग | 0 नग |
| 2. | पम्प हाउस | 382 नग | 370 नग | 12 नग |
| 3. | बाउन्ड्रीवॉल | 382 नग | 368 नग | 13 नग |
| 4 | शिरोपरि जलाशय | 377 नग | 108 नग | 296 नग |
| 5 | वितरण प्रणाली | 3524.94 कि0मी0 | 3231.64 कि0मी0 | 293.30 कि0मी0 |
| 6 | गृह जल संयोजन | 181279 नग | 173793 नग | 7486 नग |
| 7 | नियमित जलापूर्ति (राजस्व ग्राम) | 615 | 396 | 219 |
| 8 | मार्ग पुर्नस्थापन | 2050 कि.मी. | 1702 कि.मी. | 348 कि.मी. |

2. **कार्यदायी संस्था मै० आयॅन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0 की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै० आयॅन एक्सचेन्ज इण्डिया लि0 को 09 नग पुर्नगठन पेयजल योजनाओं (10 राजस्व ग्राम) आवंटित किया गया है। जिसके अन्तर्गत उक्त फर्म को एक नग नलकूप, एक पम्प हाउस, 142.116 कि.मी. वितरण प्रणाली, 9492 नग गृह पेयजल संयोजन, 10 नग राजस्व ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति, 10 नग राजस्व ग्रामो मे रोड रिस्टोरेशन एवं 10 नग हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष एक नग नलकूप, एक पम्प हाउस, 133.929 कि.मी. वितरण प्रणाली, 9122 नग गृह पेयजल संयोजन, 3 नग राजस्व ग्रामो मे नियमित जलापूर्ति, 6 नग राजस्व ग्रामो मे रोड रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत संचालित समस्त योजनाओ को शासन द्वारा निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण कराया जाये तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता पाये जाने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था उत्तरदायी होगीं।

जिन योजनाओ मे विशेष बाधाऐ है, उनके सम्बन्ध मे पृथक कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत प्रत्येक कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत शत–प्रतिशत कार्य पूर्ण कराते हुये नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

3. **नल जल मित्र की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कासगंज द्वारा अवगत कराया गया कि जपनद में 423 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 597 नग नल जल मित्र का नामांकन कराया जाना है जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 356 नग नल जल मित्र के नामांकन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है शेष नामांकन का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिया गया कि जिला पंचायतीराज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर नल जल मित्र का नामांकन शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया जाये।

4. **हर घर जल समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि जनपद में 651 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 174 राजस्व ग्रामों का हर घर जल प्रमाणिकरण की कार्यवाही की जा चुकी है।

5. **आई0जी0आर0एस0** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि दिनॉक 23–06–2026 से दिनॉक 23–07–2026 तक कुल फीडबैक 121 के सापेक्ष 117 संतुष्ट फीडबैक (96.69 प्रतिशत) प्राप्त हुये।

6. **गृह जल संयोजन की समीक्षा** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि जनपद में कुल 205190 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जाने प्रस्तावित हैं जिसके सापेक्ष 197334 नग गृह जल संयोजन के कार्य कराये जा चुके हैं। शेष कार्य प्रगति पर हैं।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं कार्यदायी संस्था मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 आगरा एवं मै0 ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, को निम्न निर्देश दिये :–

- अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद मे पूर्ण हो चुकी 368 नग वाउन्ड्री वॉल का यथा शीघ्र भौतिक सत्यापन कराते हुये उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया।
- हर घर जल प्रमाणीकरण की वृद्वि हेतु सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। जिसे अधिक से अधिक ग्रामो को शीघ्र प्रमाणित किया जा सके।
- समस्त योजनाओ को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाये।
- प्रत्येक राजस्व ग्राम मे नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।
- कार्यो की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाये।
- लम्बित कार्यो के लिये उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये समयबद्व कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

जनपद कासगंज मे उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण द्वारा आई.जी.आर.एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की अधोहस्ताक्षरी द्वारा विशेष सराहना की गयी तथा निर्देश दिये गये कि इसी प्रकार प्रभावी कार्यशैली बनाये रखते हुये शिकायतो का त्वरित एवं सन्तोषजनक निस्तारण निरन्तर सुनिश्चित किया जाये।

अन्त मे बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

जिलाधिकारी
कासगंज

## कार्यालय जिलाधिकारी, कासगंज

पत्रांकः– 2154 / J.J.M Kasganj / 231 दिनांकः– 31-07-2026

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज।
3. मुख्य चिकित्साधिकारी, कासगंज।
4. प्रभागीय वनाधिकारी, कासगंज।
5. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कासगंज।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग, कासगंज।
8. अधिशासी अभियन्ता, वॉटर रिसोर्स विभाग, कासगंज।
9. जिला कृषि अधिकारी, कासगंज।
10. श्री राधा कृष्ण दीक्षित, कासगंज।
11. जिला विकास अधिकारी, कासगंज।
12. जिला पंचायत राज अधिकारी, कासगंज।
13. डी०पी०एम०, आरवी एसोसियेट (टी०पी०आई०), कासगंज।
14. जिला समन्वयक, मैचज टैक्नो कॉन्सेप्ट (डी०पी०एम०यू०), कासगंज।
15. परियोजना प्रबन्धक, मै० पीएनसी इन्फ्राटेक लि0 कासगंज,।
16. परियोजना प्रबंधक, मै० ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि०, कासगंज़।

जिलाधिकारी
कासगंज